मईया के लग रहे जयकारे

मईया के लग रहे जयकारे,
मईया के दर जाउंगी,
लाल चुनरियाँ ओढ़ाउंगी।।

शेरावाली मईया की है,
देखो दुनिया बड़ी दीवानी,
ज्योतावाली मईया की है,
देखो दुनिया बड़ी दीवानी,
मैं भी ज्योत जलाऊँगी,
लाल चुनरियाँ ओढ़ाउंगी,
मईया के लग रहे जयकारे.......

पान सुपारी ध्वजा नारियल,
चुढ़ी बिंदिया लायी पायल,
अम्बे माँ को चढ़ाऊंगी,
लाल चुनरियाँ ओढ़ाउंगी,
मईया के लग रहे जयकारे.......

मईया के दर जो भी जाता,
हलवा चने का भोग लगाता,
मैं भी भोग लगाऊंगी,
लाल चुनरियाँ ओढ़ाउंगी,
मईया के लग रहे जयकारे.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25214/title/mayia-ke-lag-rahe-jaikare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |